## संपादकीय

### स्किल है, काम चाहिए

यह वाकई चिंता की बात है कि मेक इन इंडिया और स्किल इंडिया जैसी योजनाएं उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं दे पा रही हैं। भारत में औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने और बड़ी तादाद में लोगों को रोजगार दिलाने का इनका मकसद अधूरा ही रह जा रहा है। नैशनल स्किल डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी) के प्रमुख और लार्सन एंड टूब्रो के चेयरमैन एएम नाइक का कहना है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में स्किल्ड वर्कफोर्स की जरूरतों के मुताबिक रोजगार ही नहीं पैदा हो रहा। एनएसडीसी की 2018 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार उसने 40 कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत 11,035 प्रशिक्षण केंद्रों में 39.8 लाख स्टूडेंट्स को प्रशिक्षित किया, लेकिन उनमें से सिर्फ 12 प्रतिशत को ही काम मिल सका। सन 2008 में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत प्राइवेट-पब्लिक सहयोग से गठित एनएसडीसी सरकार के अल्पकालिक कौशल विकास कार्यक्रम का संचालन करता है।

कुछ अन्य रिपोर्टों में भी प्रशिक्षित युवाओं को जॉब न मिलने को लेकर चिंता जताई गई है। हाल में जारी पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे रिपोर्ट (2017-18) के अनुसार सर्वे पीरियड में 33 फीसदी स्किल्ड युवा बेरोजगार थे। 2018-19 में यह आंकड़ा 40 फीसदी तक पहुंच सकता है। पहले ऐसा माना जाता था कि लोगों को रोजगार इसलिए नहीं मिल रहे कि वे स्किल्ड नहीं हैं लेकिन अभी तो प्रशिक्षित लोगों को भी खाली बैठना पड़ रहा है। जाहिर है, इसका संबंध इकॉनमी की सुस्ती से है। एएम नाइक का कहना है कि विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां देश में सामान बनाने की बजाय बाहर से मंगवा रही हैं। यानी हम सामान के बजाय नौकरियों का निर्यात कर रहे हैं! हमें इस सवाल का जवाब ढूंढना होगा कि कंपनियां खुद सामान बनाने की बजाय आखिर उनका आयात क्यों कर रही हैं। इसका एक कारण यह हो सकता है कि स्थायी निवेश के लिए वित्त जुटाना भारतीय कंपनियों के लिए कठिन है। आयात वे इसलिए करती हैं कि क्योंकि इसके लिए कर्ज मिलता है।

नाइक ने कहा कि भारत युवाओं का देश हैं, जहां हर साल एक करोड़ युवा जॉब मार्केट में आते हैं। उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा करने की जरूरत है लेकिन रोजगार संबंधी रिपोर्टें बताती हैं कि रोजगार के नए अवसर बहुत कम पैदा हो रहे हैं। जॉब की संख्या और निपुणता में एक तरह की खाई हमेशा बनी रहेगी, पर अभी तो हालात बेहद खराब हैं। नाइक के अनुसार हमें कुछ समय पहले वाले चीन जैसी तेज रफ्तार अर्थव्यवस्था की जरूरत है, क्योंकि हमारी जनसंख्या तकरीबन उसके बराबर ही है। हमें 12 से 13 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल करनी होगी वरना बेरोजगारी की हालत गंभीर होती जाएगी। नाइक यह नुस्खा सुझाते हैं कि क्यों न गुजरात मॉडल को ही देश भर में लागू किया जाए। यानी उद्योगों को आसानी से जमीन, कर्ज और औद्योगिक शांति की गारंटी मिले। देखें, सरकार इस संबंध में क्या कदम उठाती है।

# एसबीआई के बाद ओबीसी ने सस्ते किए लोन




**नईदिल्ली।** ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (ओबीसी) ने अपने ग्राहकों को बड़ा तोहफा दिया है। बैंक के मुताबिक ग्राहक अब रेपो रेट आधारित ब्याज पर होम और ऑटो लोन ले सकते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया जब भी रेपो रेट में बदलाव करेगा, उसके बाद तत्काल प्रभाव से बैंक के होम या ऑटो लोन की ब्याज दरें भी बदल जाएंगी। सरकारी स्वामित्व वाले ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (ओबीसी) ने मंगलवार को कहा कि आवास ऋण 8.35 प्रतिशत से जबकि वाहन ऋण 8.70 प्रतिशत से शुरू हो रहे हैं। बैंक ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि ओबीसी ने नये आवास ऋण एवं वाहन ऋण उत्पाद पेश किये हैं, जो रिजर्व बैंक के रेपो दर से जुड़ा है।

ओबीसी ने कहा कि कस्टमर्स के पास एमसीएलआर लिंक्ड ब्याज दर और रेपो से लिंक्ड ब्याज दर पर लोन लेने का ऑप्शन होगा। इस पेशकश के जरिए बैंक रेपो रेट में बदलाव का तुरंत फायदा कस्टमर्स तक उचित और पारदर्शी तरीके से पहुंचा सकेगा।

## हुआवेई 23 को लॉन्च करेगा पहली कॉमर्शियल एआई चिप




**ब्रसेल्स।** चीनी प्रौद्योगिकी कंपनी हुआवेई अपनी पहली कॉमर्शियल एआई (आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस) चिप और एक नया ओपन-सोर्स एआई कम्प्यूटिंग फ्रेमवर्क को शुक्रवार को लॉन्च करेगी। कंपनी ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यह जानकारी मंगलवार को लाइव स्ट्रीमिंग द्वारा ब्रसेल्स के पत्रकारों को लॉन्चिंग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भेजे गए आमंत्रण में दी गई। आमंत्रण में यह भी बताया गया कि चिप और फ्रेमवर्क को हुआवेई रोटेटिंग चेयरमैन एरिक शू लॉन्च करेंगे।

## पेयरे से हारकर प्रजनेश विंस्टन सेलम ओपन से बाहर



**नार्थ कैरोलिना।** प्रजनेश गुणेश्वरन दुनिया के 30वें नंबर के खिलाड़ी बेनोइत पेयरे से दूसरे दौर में हारकर विंस्टन सेलम ओपन एटीपी 250 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 89वें स्थान पर काबिज गुणेश्वरन को फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी ने 6. 3, 7. 5 से हराया। पेयरे ने गुणेश्वरन की तुलना में अधिक डबलफाल्ट किये लेकिन 14 ऐस लगाये जबकि भारतीय ने तीन ऐस जड़े। युगल वर्ग में वाइल्डकार्ड धारक लिएंडर पेस और इस्राइल के जोनाथन एलरिच पहले ही दौर में हार गए। उन्हें राजीव राम और जो सालिस्बरी ने 6. 2, 6. 3 से मात दी।

## आर. श्रीधर का दोबारा फील्डिंग कोच बनना लगभग तय




**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के मौजूदा फील्डिंग कोच आर. श्रीधर को उनके पद पर दोबारा नियुक्त किया जाना लगभग तय माना जा रहा है। सूत्रों की मानें तो इसी सप्ताह श्रीधर को दोबारा दो साल के लिए टीम का फील्डिंग कोच बनाया जा सकता है। सोमवार को बैटिंग और बोलिंग कोच के लिए कुल 18 इंटरव्यू लिए गए। इसके बाद एमएसके प्रसाद की अध्यक्षता वाली चयन समिति मंगलवार को भी इस प्रक्रिया को जारी रखेगी।

टीम इंडिया का सपॉर्ट स्टाफ चुनने की जिम्मेदारी सिलेक्शन कमिटी पर है। समिति ने फील्डिंग कोच के लिए आवेदन करने वाले तीन उम्मीदवारों- श्रीधर, जोंटी रोड्स और अभय शर्मा- का इंटरव्यू लिया। इस दौरान वे सभी उम्मीदवारों से काफी प्रभावित नजर आए।

खबरों के अनुसार साउथ अफ्रीका के पूर्व स्टार फील्डर रोड्स ने स्काइप के जरिए इंटरव्यू में भाग लिया। इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी जूलियन फाउंटेन, जो पहले बांग्लादेश और पाकिस्तान के साथ काम कर चुके हैं, फील्डिंग कोच के इंटरव्यू के लिए स्वयं उपलब्ध रहे।

एक ओर रोड्स को इस पद के लिए मजबूत दावेदार माना जा रहा है। अपने खेल के दिनों में वह शानदार फील्डर रहे। बल्कि वह पहले खिलाड़ी कहे जा सकते हैं।

## रिकी पॉन्टिंग से आगे निकल सकते हैं विराट कोहली




**नई दिल्ली।** वेस्ट इंडीज और भारत के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज गुरुवार से होगा। इसके साथ ही भारत टेस्ट चैंपियनशिप के अपने सफर का आगाज करेगा। कोहली साफ कर चुके हैं कि टेस्ट चैंपियनशिप के क्रिकेट के इस सबसे पुराने प्रारूप में लोगों की दिलचस्पी बढ़ेगी। कोहली का लक्ष्य इस सीरीज से पूरे 120 अंक हासिल करना होगा। इसके साथ ही उनके पास ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज कप्तान रिकी पॉन्टिंग से आगे निकलने का भी मौका होगा।

भारतीय टीम ने आखिरी बार दिसंबर-जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट खेला था। इसके बाद खिलाड़ी लगातार सीमित ओवरों के प्रारूप में नजर आ रहे हैं। पहला टेस्ट नॉर्थ साउंड, एंटीगा में खेला जाएगा। वनडे सीरीज में कोहली ने दो शतक लगाए थे और टेस्ट सीरीज में उनकी कोशिश अपनी फॉर्म को जारी रखने की होगी।

कोहली के नाम अभी बतौर कप्तान टेस्ट क्रिकेट के 46 मैचों में 18 शतक हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग के 19 से सिर्फ एक शतक पीछे हैं। इस सूची में हालांकि साउथ अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ टॉप पर हैं जिनके नाम बतौर कप्तान 109 टेस्ट मैचों में 25 शतक हैं।

विराट अगर दो मैचों की सीरीज में दो शतक लगा देते हैं तो वह इस सूची में रिकी पॉन्टिंग से आगे निकल जाएंगे।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ओलिंपिक टेस्ट टूर्नामेंट जीता




**तोक्यो।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने राउंड रॉबिन चरण में मिली हार का बदला चुकता करते हुए न्यू जीलैंड को फाइनल में 5-0 से हराकर ओलिंपिक टेस्ट टूर्नामेंट जीत लिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह (सातवां मिनट) ने पहला गोल किया जबकि शमशेर सिंह (18वां), नीलाकांता शर्मा (22वां), गुरसाहिबजीत सिंह (26वां) और मनदीप सिंह (27वां) ने बाकी गोल दागे। भारत को राउंड राबिन चरण में न्यू जीलैंड ने 1-2 से हराया था। दोनों टीमों ने संभलकर खेलना शुरू किया। भारत को सातवें मिनट में पेनल्टी कार्नर मिला जिस पर गोल नहीं हो सका लेकिन कप्तान हरमनप्रीत ने उसी मिनट मिले दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके टीम को बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने गेंद पर नियंत्रण जारी रखा और पहले चॉर्टर में 1-0 की बढ़त कायम रही। शमशेर ने 18वें मिनट में भारत के लिए दूसरा गोल पेनल्टी कॉर्नर पर दागा।

## आज का राशिफल

**मेषः-** मेषःमेष राशि वालों के लिए दिन कुल मिलाकर शुभ है। परिश्रम से कार्य बनेंगे इसलिए आलस्य को हावी ना होने दें। मान-सम्मान एवं सामाजिक क्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा।

**वृषभः** बनते काम में बाधा आ जाने एवं वाद विवाद से मन अशांत हो सकता है। ‍धि को अपने ऊपर हावी ना होने दें नहीं तो नुकसान हो सकता है।

**मिथुनः** आज आपके सितारे शुभ स्थिति में हैं। मनोनुकूल लाभ मिल सकता है। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

**कर्कः** आज सुख सुविधाओं के साधन प्राप्त कर सकते हैं। यात्रा सुखद और लाभप्रद रहेगी। अपनों से सहयोग मिलेगा। नए संबंध बनेंगे जो भविष्य में लाभदायक रहेंगे।

**सिंहः** व्यापारिक क्षेत्र में लाभ मिलेगा। नौकरी में इच्छानुकूल बदलाव होगा। पारिवारिक जीवन में आनंद और खुशी मिलेगी। मित्रों से अपेक्षित सहयोग मिलेगा।

**कन्याः** समय प्रतिकूल है, कोई अप्रिय घटना हो सकती हैं। जोखिम पूर्ण कार्यों से बचें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। शेयर आदि में निवेश करने से आज बचें।

**तुलाः** आज आपके कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनेंगे। कहीं से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। साझेदारी में काम करना लाभप्रद होगा। पारिवारिक जीवन में आपसी तालमेल और सहयोग बढ़ेगा।

**वृश्चिकः** शुभ समाचार प्राप्त होगा। मित्रों से मुलाकात होगी और मन प्रसन्न रहेगा। आय, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, लाभ बढ़ेगा।

**धनुः** सितारे आज अनुकूल नहीं है। मानसिक तनाव बना रह सकता है। स्वास्थ्य नरम रहेगा। धन व्यर्थ में खर्च होगा। कामकाज में इच्छित सफलता नहीं मिलने से निराश होंगे।

**मकरः** घरेलू उलझनों को लेकर चिंतित और परेशान रह सकते हैं। संबंधियों से किसी बात को लेकर मनमुटाव हो सकता है। वाद-विवाद से बचें। शत्रु हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे। परोपकार करें।

**कुंभः** काम का दबाव रहेगा और दिन व्यस्तता में बीतेगा। भागदौड़ रहेगी लेकिन लाभ भी मिलेगा। तीर्थ यात्रा का योग है। शुभ कार्यों पर धन व्यय होगा, उन्नति का अवसर मिलेगा।

**मीनः** कार्य के संदर्भ में की गई यात्रा लाभप्रद रहेगी। नए अवसर मिलेंगे। प्रयास व सतर्कता से कार्य में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

## जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बनाएं केसर मलाई लड्डू



**सामग्री :**

पनीर- कप (कद्दूकस किया), मलाई- 1 कप, दूध- दो टीस्पून, पिसी चीनी- 1 कप, घी- दो टीस्पून, केसर- 25-30 रेशें, बादाम- 2 टेबलस्पून (बारीक कटा), काजू- 2 टेबलस्पून (बारीक कटा), पिस्ता- 2 टेबलस्पून (बारीक कटा), इलायची पाउडर- 2 टीस्पून

**विधि :**

केसर को एक टीस्पून दूध में डालकर कुछ देर के लिए भिगो दें और दूध में अच्छे से मिक्स कर लें।कढ़ाई में मलाई डालकर लगातार चलाते हुए 5 से 6 मिनट तक भून लें। फिर इसमें पनीर डालकर मिक्सचर के गाढ़ा होने तक लगातार चलाते रहें। इसमें दूध में भिगोया गया केसर डालकर अच्छे से मिक्स करके एक मिनट तक भून लें।

मिक्सचर को मिक्सिंग बाउल में निकाल लें। जब मिक्सचर थोड़ा ठंडा हो जाए, तब इसमें चीनी, इलायची पाउडर और थोड़े से ड्रायफ्रूट्स डालकर अच्छे से मिला लें।

हाथों में थोड़ा सा घी लगा लें और थोड़ा-थोड़ा मिक्सचर लेकर नींबू के शेप में गोल लड्डू बना लें। लड्डू के ऊपर बचे हुए ड्रॉयफ्रूट्स डालें और कृष्णा को भोग लगाएं।


## शब्द सामर्थ्य- 62

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 60 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | याँ | | न |
| | र्मं | | | ज | र | दा | | |

## सू-दोकू- 62

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.60 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |